तापमान
अधिकतम 45.3 डिग्री
न्यूनतम 25.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, रविवार 19 मई 2024

16 बेटियों की पीएम मोदी ने जमकर की तारीफ




16 भाजपा प्रत्याशी को मिली संजीवनी




# MAHARANA PRATAP PUBLIC SCHOOL
## KURUKSHETRA

Continuing Its Legacy of Excellence in Board Results, MPPS Rocks Again....

## Torch Bearers OF MPPS



DIVYANSHI-99.6%
ALL INDIA RANK-3
DISTRICT RANK-1

### CLASS X-OUR DISTRICT TOPPERS, OUR PROUD PRODIGIES

- SNEHA-98.8% — 4th in DISTRICT
- ANUSHKA-98% — 8th in DISTRICT
- KESHAV-97.6% — 10th in DISTRICT
- HITEN-97.4% — 11th in DISTRICT
- SUNEHA-97.4% — 11th in DISTRICT
- ANURAG-97.4% — 11th in DISTRICT
- YASHIKA-97.2% — 12th in DISTRICT
- GURPREET-97.2% — 12th in DISTRICT
- JANVI-96.8% — 14th in DISTRICT




### CLASS XII- OUR SCHOOL TOPPERS

- UDAY – 94.6% — NON-MEDICAL
- YASHIKA-94.2% — MEDICAL
- BHAWNA-93.6% — COMMERCE

## CONGRATULATIONS ACHIEVERS!

### The Pratap Scholarship

**MPPS** offers a handsome scholarship in the form of substaintial concession in the tuition fee for the outstanding performance of the students in the class-X Board Examination & in the class-XI school examination

## Our Galaxy of Achievers ! CLASS 10TH

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| DIVYANSHI 99.6% | SNEHA 98.8% | ANUSHKA 98% | KESHAV 97.6% | HITEN 97.4 % | SUNEHA 97.4% | ANURAG 97.4% | YASHIKA 97.2% |
| GURPREET 97.2% | JANVI 96.8% | DIVYANSH 96.2% | ADITYA 96.2% | PLAKSHA 96% | YASHIKA 96% | KANISHK 95.8% | PARTH 95.8% |
| ADITI 95.8% | DIPANSHI 95.6% | PRIYANSHI 95.6% | VATSAL 95.6% | AKSHAT 95.6% | BHAWNI 95.4% | PARISHA 95.2% | PARTH 95.2% |
| ANSHDEEP 95% | HITASHI 94.8% | PARAKH 94.8% | PIYANSHI 94.6% | UDHAV 94.6% | ARNAV 94.4% | DIVYANJALI 94.4% | KRITIKA 94.2% |
| RIDHI 94.2% | HARSHIT 94.2% | SONALI 94% | HARMAN 94% | HEZAL 94% | MANNAT 94% | JAHNVI 93.8% | GARV 93.8% |
| AKSHITA 93.6% | ANGEL 93.6% | KABIR 93.4% | BHAVYA 93.4% | AVANTIKA 93.4% | PAWAN 93.2% | HARMAN 93.2% | VANSH 93% |
| NAVEEN 93% | SAKSHI 93% | NAVJOT 93% | VEDIKA 92.8% | AKSHITA 92.8% | VISHANT 92.8% | RUDRA 92.6% | MAITRI 92.4% |
| DHANANJAY 92.4% | ANNU 92.2% | PALAK 91.8% | MANNAT 91.8% | ABHINAV 91.8% | PRANJAL 91.4% | AKSHIT 91.4% | TUSHAR 91% |
| PRIYANSHI 91% | HARSH 90.8% | ADITI 90.8% | GARV 90.6% | KUNAL 90.6% | UDESHYA 90.4% | PRANAV 90.2% | VISHAKHA 89.8% |

### Result at a Glance

Total Appeared 307

| % RANGE | NO. OF STUDENTS |
|---|---|
| 94.6 - 100 | 29 |
| 89.6 & ABOVE | 72 |
| 75 & ABOVE | 196 |

Subject Toppers

| SUBJECTS | MARKS | STUDENTS |
|---|---|---|
| ENGLISH | 99 | DIVYANSHI, SNEHA ,ANUSHKA |
| SCIENCE | 100 | DIVYANSHI, PARTH |
| MATHS | 100 | DIVYANSHI, GURPREET, PARTH, HITEN, PARISHA |
| SOCIAL STUDIES | 100 | SNEHA |
| SANSKRIT | 100 | DIVYANSHI, SUNEHA, YASHIKA, ANUSHKA, DIPANSHI, AKSHITA, PARAKH, VATSAL, DIVYANSH, PARISHA, PRIYANSHI, AKSHITA, KABIR, HITESH |
| PUNJABI | 100 | SNEHA |
| HINDI | 97 | SNEHA, ANURAG, PRIYANSHI KUMARI |

## Our Steller Performers ! CLASS 12TH

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| UDAY 94.6% | YASHIKA 94.2% | SHABNAM 94.2% | ADITYA 93.8% | ANANYA 93.8% | BHAWANA 93.6 % | ARSHDEEP 93.4% | NATASHA 93.2% |
| AYUSH 93.2% | ANMOL 93.2% | PRACHI 93.2% | VISHESH 92.8% | ANSHIKA 92.4% | RAKSHIT 92.2% | VAIBHAV 92% | YUVRAJ 91.8% |
| YUNEEK 91.6% | MEHAK 91.6% | KESHAV 91.2% | JATIN 91.2% | PALAK 90.8% | NEHA 90.8% | NIPUN 90.6% | SATVIK 90% |
| | | | ABHINAV 90% | DEEP KIRAN 89.8% | KIRTI 89.8% | DEVANSH 89.6% | PARTH 89.6% |

### Result at a Glance

Total Appeared 207

| % RANGE | NO. OF STUDENTS |
|---|---|
| 94.6-100 | 1 |
| 89.6 & ABOVE | 29 |
| 75 & ABOVE | 140 |

Subject Toppers

| SUBJECTS | MARKS | STUDENTS |
|---|---|---|
| ENGLISH | 97 | ANANYA |
| ACCOUNTANCY | 96 | ANSHIKA |
| B.STUDIES | 96 | ANSHIKA, BHAWNA |
| ECONOMICS | 95 | ANMOL, PARTH |
| PHYSICS | 95 | UDAY, RAKSHIT |
| SANSKRIT | 100 | YUNEEK |
| CHEMISTRY | 100 | UDAY SAINI |
| MATHEMATICS | 98 | AYUSH |
| BIOLOGY | 96 | ANANYA, ADITYA |
| PHY. EDU. | 98 | ARSHDEEP KAUR |

JEE MAINS 2024

## OUR PHENOMINAL PERFORMERS IN JEE MAINS-2024

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| RAKSHIT 99.6774254 %ile | KIRTI 99.3908601 %ile | ADITYA 99.2981448 %ile | VAIBHAV 99.1448854 %ile | SHABNAM 98.3441038 %ile |
| SATVIK 96.3803926 %ile | DEVANSH 95.9458255 %ile | GEETANJALI 95.4603971 %ile | ARPIT 94.5676795 %ile | PRACHI 94.0133696 %ile |

PRINCIPAL

**खबर संक्षेप**

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित

घरौंडा। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित है। प्रधानमंत्री देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा किए गए विकास और सुशासन से भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा।

## सहायक कमिश्नर का हुआ तबादला

**पानीपत।** नगर निगम में कार्यरत सहायक कमिशनर नरेंद्र पाल मलिक का तबादला हो गया है। प्रदेश सरकार ने मलिक को शाहबाद में एसडीएम नियुक्त किया है। वही पानीपत को नगर निगम बनाने के बाद प्रदेश सरकार ने पहली बार सहायक कमिश्नर लगाया था। पूर्व मेयर के कार्यालय में उनके लिए कार्यालय बनाया था। वे पानीपत में इस समय विज्ञापन शाखा, सफाई शाखा, अन्य जिम्मेदारियां संभाल रहे थे। इनका तबादला होने के बाद पानीपत में अब तक कोई अन्य अधिकारी सहायक कमिश्नर के तौर पर नहीं आया है। अभी यह सीट खाली ही है।

## जैन समाज में फैली कुरीतियां खत्म हों

**पानीपत।** जैन संतों ने अग्रवाल मंडी जैन स्थानक में आगाह किया कि जैन समाज में कुछ विकृतियां भी आ गई हैं जिनको दूर करना आवश्यक है। इसलिए 19 मई को गांधी मंडी जैन स्थानक में एक विशाल युवक-युवती संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उनकी समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जायेगा तथा उन्हें उन विकृतियों के विरुद्ध संकल्पित किया जाएगा। दूसरी और बच्चों में शुरू से ही जैन संस्कारों का बीजारोपण करने के लिए जीटी रोड स्थित जिनवाणी स्कूल में 1 जून से 10 जून तक एक जैन संस्कार शिविर आयोजित होगा। इस अवसर पर महावीर जैन, जगदीश जैन, गौतम जैन, राजेंद्र जैन रहे।

## 9 विद्यार्थियों का ट्रेवल कम्पनी में हुआ चयन

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज के 9 विद्यार्थियों का सत्र 2023-24 में विभिन्न ट्रेवल कंपनियों में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। पर्यटन क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों ट्रायंगल, ट्राईकलर, होलिडेज, इंटरसाइट में कृतिका, प्रेरणा, अभिषेक, पुलकित, विनोद, गर्व, सृष्टि, हितेष, आंचल का चयन हुआ है। प्रधानाचार्या डॉ. रीटा, पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. संजीव गुप्ता रहे।

### निरोग रहने व दवाइयों से बचने का योग सबसे अच्छा उपाय

# योग करने से शारीरिक व मानसिक संतुलन बना रहता है, रोज करें योग

- योग को जन जन तक पहुंचाने के लिए आयोजित हुआ कार्यक्रम
- पूरी दुनिया ने भारतीय योग की ताकत को माना : मनोज मित्तल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

योग को जन जन तक पहुंचाने के लिए इंद्री के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पतंजलि योग समिति की ओर से चल रहे योग शिविर का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर करनाल के चिकित्सक मनोज मित्तल व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष सोम अरोड़ा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। चिकित्सक मनोज मित्तल ने कहा कि 21 जून को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया ने भारतीय योग की ताकत को माना है। यदि हम निरोग रहना चाहते है और दवाइयों से भी बचना चाहते है तो हमें योग को अपनी दिनचर्या में अवश्य शामिल करना पड़ेगा। योग का सही समय ब्रह्म मुहूर्त में ही है। योग को हमेशा सूर्य निकलने से पहले ही करना होता है। योग करने से हमारा शारीरिक व मानसिक संतुलन बना रहता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि अपने बच्चों को योग के प्रति जागरूक करे। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष सोम अरोडा ने कहा कि हमें योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाना होगा तभी हम स्वस्थ रह सकते है। उन्होंने कहा कि स्वामी रामदेव का एक मिशन है कि पूरा विश्व योग करते हुए स्वस्थ रहे। योग को अपनाकर हम स्वस्थ जीवन जी सकते है। हम अपने आप को योग की तरफ लेकर जाएं यही उत्तम जीवन है। स्कूल प्रधानाचार्य वंदना चावला ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से चल रहे योग शिविर का बच्चों को बहुत ही लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि स्कूल में समय समय पर बच्चों को नशे से बचाव करने, रोड पर चलते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन करने जैसे अनेकों कार्यक्रमों के द्वारा जागरूक किया जाता रहता है। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी धर्म पाल आर्य व योग शिक्षक विजय कांबोज ने स्कूली बच्चों योग प्राणायाम करवाया और योग की बारीकियों की जानकारी दी। इस मौके पर योगा अध्यापिका रितु, अध्यापक सुरेंद्र कुमार सहित स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



इंद्री। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मे बच्चों को योग करवाते चिकित्सक।

# यह साधारण चुनाव नहीं, इससे देश की दशा और दिशा तय होगी: नायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल की सब्जीमंडी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने दस साल में हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है। इस समय देश की सबसे बड़ी पंचायत के लिए चुनाव चल रहा है। 25 मई को देश की सबसे बड़ी पंचायत को चुना जाना है। यह कोई साधारण चुनाव नहीं है। इस चुनाव से देश की दशा और दिशा तय होगी। 25 मई को करनाल में दो कमल के फूल खिलेंगे। मैं सभी से अपील करता हूं कि 25 मई को करनाल से दो कमल के फूल बड़े मार्जन से खिलाएं। ये कमल के फूल एक लोकसभा सीट पर पूर्व सीएम मनोहर लाल के लिए कमल का बटन दबाना है और दूसरी सीट विधानसभा के लिए दो नंबर का बटन दबाकर बड़े मार्जन के साथ दो फूल खिलाकर देश के पीएम नरेंद्र मोदी के पास भेजने हैं। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है। पीएम मोदी ने देश की महिलाओं के लिए, युवाओं के लिए, गरीबों के लिए, किसानों के लिए बड़ी तेज गति से जबरदस्त काम किए हैं। सब्जी मंडी की बात करें तो हमारे सब्जी मंडी के किसानों के लिए हरियाणा सरकार ने भावांतर भरपाई योजना लाकर उसे मजबूत करने का काम किया है।



सीएम नायब सिंह सैनी शनिवार को लोगों को सम्बोधित करते हुए।

## सिख देश की सिरमौर कौमः मनोहर लाल

करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोहर लाल ने शनिवार को करनाल में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित किया। मनोहर लाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को मजबूत बनाने और देश के विकास के लिए भाजपा को वोट दें। उन्होंने कहा कि सिख इस देश की सिरमौर कौम है। इस कौम का बलिदान और शहीदों का इतिहास रहा है। जब भी देश और समाज पर कोई संकट आया है या कोई चुनौती आई हैं तो सिख समाज हमेशा सीना तान कर खड़ा रहा है। इनका 500 साल पुराना इतिहास है। इस बीच मुगलों के अत्याचार देश पर हुए हैं। इस दौरान सिख समाज ने मुगलों के अत्याचार को खत्म करने और लोगों को जागरुक करने का काम किया।

## बीजेपी-जेजेपी का विरोध करेंगे किसानः मेहला

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के बैनर तले किसान संगठनों की मीटिंग जाट भवन में हुई। जिसमें एलान किया गया कि पूरे हरियाणा में किसान भारतीय जनता पार्टी, जननायक जनता पार्टी व पूर्व सीएम मनोहर लाल का विरोध करेंगे। गांव-गांव जाकर भाजपा जजपा के प्रत्याशियों को वोट न देने की अपील की जाएगी।

भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने कहा कि किसानों ने जाट भवन में मीटिंग कर भाजपा और जजपा के खिलाफ हुंकार भरी है। किसानों पर लाठियां गोलियां बरसाने वाली भाजपा को हरियाणा में किसानों के भारी विरोध का सामना करना पड़ेगा। किसानों पर हुए अत्याचार का बदला लेने का समय आ गया है।

# छात्र-छात्राओं को गुड टच और बेड टच के बारे में बताया

- बेड टच महसूस होने पर तुरंत प्रतिक्रिया दे विरोध करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

अपोलो इंटरनेशनल स्कूल दादूपुर खुर्द में बालिका किशोरावस्था अभिप्रेरणा शिविर का आयोजन हुआ। आयोजित कार्यक्रम के दौरान कक्षा तीसरी से पांचवी तक के बच्चों को प्रोजेक्टर पर पिक्चर दिखाकर गुड टच और बेड टच के विषय में बताया गया ।

कक्षा छठी से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को किशोर अवस्था के दौरान होने वाले शारीरिक मानसिक भावनात्मक व सामाजिक परिवर्तनों के बारे में बताया गया साथ ही उन्हें शारीरिक शोषण मानसिक शोषण तनाव एंजायटी आदि विषयों की भी जानकारी दी गई । बच्चों को गुड टच बेड टच के बारे में अध्यापको द्वारा प्रशिक्षण दिया तथा बताया गया की दोस्त का हाथ मिलाने ,मां-बाप के गले लगाने ,दादी-नानी के माता के गले लगाने से आपको अच्छा महसूस होता है । यह सभी गुड टच है ,इसके विपरीत जिस से आपको घुटन महसूस हो वह बेड टच है ,कोई आपको जबरदस्ती गोद में बिठाते हैं तो यह भी बेड टच कि श्रेणी में आता है ऐसी दशा में तुरंत प्रतिक्रिया दे विरोध करें और परिजनों को इसकी जानकारी दें। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा जी ने कहा कि शिक्षकों तथा अभिभावकों को बाल मन को समझना चाहिए और नियमित रूप से बच्चों से संवाद करना चाहिए । उनकी दिनचर्या पर बात करनी चाहिए उन्हें सही व गलत की जानकारी देनी चाहिए इन बातों का रखें ख्यालः सबसे पहले किसी के दिए गए टॉफी चॉकलेट के लालच में नहीं आए।

मम्मी -पापा की गैर मौजूदगी में किसी अनजान को घर में न आने दे। कहीं जाने से पहले मम्मी पापा को जरूर बताएं बैड टच होने पर क्या प्रतिक्रिया दें, सबसे पहले नो बोलकर चिलाए- बेड टच करने वाले से दूर भाग जाएं, मम्मी पापा या टीचर को इस बारे में बताएं। अगर कोई बात नहीं सुने तो हेल्पलाइन की मदद लें। इन सब बातों का ध्यान रखकर हम स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं।



अध्यापको द्वारा बच्चों को गुड टच बेड टच के बारे जानकारी देते हुये।



## करनाल की जनता बीजेपी का सुपड़ा साफ करेगी : दिव्यांशु

**नीलोखेड़ी।** करनाल लोकसभा से इंडिया गठबंधन उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा ने नीलोखेड़ी विधानसभा के गांव डाचर, करनाल विधानसभा के गांव शेखपुरा , कालरम, अमृतपुर कला, मंगलोरा व कुटेल के साथ दर्जनों गांवों में जनसभा को संबोधित कर वोट की अपील की । दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा इंडिया गठबंधन की सरकार भारी बहुमत से आ रही है जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की जाएगी। समय आ गया कि अब भाजपा सरकार द्वारा किए अत्याचारों का बदला वोट की चोट से लेना होगा। दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि मनोहर लाल जी मुझे बदनाम करने के लिए कहते हैं कि कांग्रेस उम्मीदवार के ऊपर मुकदमे दर्ज हैं। हां, मेरे ऊपर एक नहीं, बल्कि 5-5 मुकदमें हैं लेकिन कोई भी मुकदमा मेरा व्यक्तिगत मुक़दमा नहीं है। सभी पांचो मुकदमें युवाओं की व प्रदेश के लोगों के हक की आवाज उठाने के कारण दर्ज किए गए हैं। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी सचिन पायलट की रविवार को पानीपत के बापौली में जनसभा होगी।

# स्वस्थ जीवन में योग का विशेष महत्व

- योग मनुष्य और परमात्मा के संगम का सूत्रधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अंतर्राष्ट्रीय गेहूं एवं जो अनुसंधान केन्द्र में मेरा मिशन स्वस्थ भारत योग कक्षाओं के अंतर्गत योग गुरु दिनेश गुलाटी ने योगाभ्यास करवाया। अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉक्टर ज्ञानेंद्र सिंह के संचालन में चलाई जा रही इस योग कक्षा में सभी वैज्ञानिक प्रातः योग कर रहे हैं और योग के महत्व को समझ रहे हैं दिनेश गुलाटी ने सूक्ष्म योग क्रियाएं आसान और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाते हुए इसके लाभ बताएं।उन्होंने प्राणायाम के दौरान बताया की योग एवं ध्यान साधना योग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे धीरे-धीरे मनुष्य ईश्वर प्राप्ति की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने मानव जीवन में ईश्वर के महत्व पर प्रकाश डाला ।उन्होंने बताया कि योग मनुष्य और परमात्मा के संगम का सूत्रधार है। योग और ध्यान द्वारा सांसों के तार प्रभु से जुड़ जाते हैं और हर श्वास हमें आत्मचिंतन की ओर अग्रसर करती है।उन्होंने कहा कि योग के साथ हर श्वास हमें अंदर की यात्रा की और लेकर जाती है। उन्होंने कहा कि हर श्वास के तार प्रभु से जुड़े हैं। श्वास चल रहे हैं, इसका अभिप्राय है कि ईश्वर चेतना हमारे भीतर है और हर श्वास के साथ ध्यान और नाम सुमिरन करते हुए ईश्वर की भक्ति में खो जाए, तभी हम अपने जीवन को सफल कर सकते हैं।



# ईर्ष्या जीवन में राम को कोसों दूर कर देती है: भारती

- श्रीराम कथामृत के माध्यम से बताया अपने-पराए का अंतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा हुड्डा ग्राउंड, नज़दीक कालड़ा स्वीट्स, सैक्टर- 13, करनाल में पांच दिवसीय श्रीराम कथामृत के कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया है। जिसके चतुर्थ दिवस के अंतर्गत दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी की शिष्या कथा व्यास साध्वी सुश्री जयंती भारती जी ने आज तक इंसान यही नहीं समझ पाया कि अपना कौन है व पराया कौन है। इस नश्वर संसार को इंसान अपना समझ रहा है परन्तु वह ईश्वर जिसने इंसान को जीवन दान दिया, जो शक्तिरूप में उसके भीतर रहता है, जो उसका वास्तविक साथ निभाने वाला है, जो उसका अपना है उसे ही पराया समझ लिया। जब व्यक्ति के जीवन मे लोभ की प्रवृति बढ़ जाती है, ईर्ष्यारूपी मंथरा घर कर लेती है तो वह हमारे जीवन में राम को कोसों दूर कर देती है । साध्वी जी ने प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त केवट का चित्रण इस प्रकार किया कि उपस्थित जनसमूह भाव विभोर हो उठा। इस अवसर पर संदीप गौतम प्रिंसिपल श्री रामचरित मानस स्कूल, अजय कुमार श्रीमति किरण ग्रोवर, मनोज कुमार, तरुण कक्कड़, श्याम लाल, डॉ बीर सिंह व दुली चंद विशेष तौर पर पहुंचे। कथा का समापन प्रभु की पावन आरती से किया गया।





# प्रिंटिंग प्रैस संचालकों को भी देना होगा चुनावी प्रकाशन सामग्री का विवरणः जिला निर्वाचन अधिकारी

- एमसीएमसी कमेटी की अनुमति के बिना न चलाएं सोशल मीडिया, केबल संचालक व सिनेमा घर संचालक विज्ञापन

**जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी करनाल के कार्यालय में करें सम्पर्क**

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि अनुमति प्रमाण पत्र लेने के लिए जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी करनाल के कार्यालय कमरा न0 19 द्वितीय तल लघु-सचिवालय सैक्टर 12 में सम्पर्क कर सकते हैं। विज्ञापन प्रसारण के लिए संबंधित उम्मीदवार को एनेक्सचर-ए में आवेदन करना होगा, जिस पर विचार करके एमसीएमसी कमेटी विज्ञापन प्रसारण के लिए एनेक्सचर बी फार्म में प्रमाण पत्र देगी। विज्ञापन प्रसारण का प्रमाण पत्र लेने के लिए आवेदनकर्ता को प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापन की दो प्रतियां सीडी में देनी होंगी। साथ ही सीडी में दी गई प्रचार सामग्री की स्क्रिप्ट की दो प्रतियां भी आवेदन के साथ जमा करवानी होंगी। राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पंजीकृत राजनैतिक पार्टी व उनके उम्मीदवारों को विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्रसारण के कम से कम तीन दिन पहले आवेदन

**करनाल।** लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उप चुनाव की प्रक्रिया के दौरान सोशल मीडिया, केबल संचालक और सिनेमा हॉल संचालक एमसीएमसी कमेटी के प्रमाण पत्र के बगैर किसी भी विज्ञापन का प्रसारण नहीं कर सकते। बिना अनुमति के चुनावी विज्ञापन का प्रसारण करने पर केबल संचालक के खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया गया है और जिला सूचना एवं सम्पर्क अधिकारी करनाल को इस कमेटी के सदस्य सचिव बनाया गया है। जिला के सभी केबल संचालकों को डीआईपीआरओ के माध्यम से समय-समय पर दिए जाने वाले निर्देशों का पालन निर्धारित समय पर करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि एमसीएमसी केबल चैनलों की गहनता से मॉनिटरिंग कर रही है।

## बालाजी संकीर्तन में झूमे श्याम भक्त

शाहबाद। श्रीश्याम एवं बालाजी संकीर्तन का आयोजन नगर की नई अनाज मंडी में श्रीश्याम कुटुंब शाहाबाद द्वारा करवाया गया जिसमें राजस्थान खाटू श्याम से पधारे विशेष रूप से महंत मोहन दास के सानिध्य में करवाया गया। सुबह सर्वप्रथम हवन यज्ञ करवाया गया। शाम को श्याम बाबा की ज्योति प्रचंड की गई। रात को आई हुई समस्त संगत के लिए श्याम रसोई का आयोजन किया गया जिसमें आई हुई संगत ने प्रसाद चखा जिसमें जयपुर से भजनिक श्याम पारीक, रश्मि शर्मा समस्तीपुर, मोहित गोयल पानीपत, राजेश गोयल सिरसा, विनय शर्मा शिव मंदिर के पुजारी बीड़ बबरान धाम हिसार ने खाटू श्याम जी के सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किया जिससे पूरा वातावरण श्याममय हो गया। आई हुई पूरी संगत श्याम प्रेमी झूमने को विवश हो गए। श्याम प्रेमी अभास सिंगला, अनुभव सिंगल और वरुण गुप्ता ने बताया यह संकीर्तन हर वर्ष करवाया जाता है। यह तीसरा संकीर्तन है जिसमें हजारों की संख्या में श्याम प्रेमी पहुंचे।

# लोकतंत्र की मजबूती को मतदान जरूरी

- राष्ट्रहित मे चुनावों मे अधिक से अधिक मतदान करने पर दुकानदारों ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

शनिवार को पंजाबी मार्किट में मार्किट के दुकानदारों ने माटा क्लाथ हाउस मे बैठक बुलाकर राष्ट्रहित मे 25 मई को होने वाले ज्यादा से ज्यादा मतदान हो इस पर चर्चा की। मतदान कितना आवश्यक है। हमारे मतदान करने से लोकतंत्र में एक मजबूत सरकार बनेगी। चर्चा करते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विजयेन्त बिंदल ने कहा कि बेहतर भविष्य व देश के विकास के लिये मतदान करे। उन्होने दुकानदारों को मतदान करने के लिये प्रेरित किया। देश में प्रत्येक व्यक्ति को सभी काम छोडक़र मतदान करना चाहिए और हमें अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रति जागरूक करना चाहिए। जितना मतदान प्रतिशत होगा उतनी मजबूत सरकार बनेगी। समाजसेवी संजय गाबा का कहना है कि मतदान के द्वारा हमे अच्छे नेता चुनने का अवसर मिलता है। हमे नेता का चुनाव करना चाहिए जो हमेशा समाजसेवा के लिये तत्पर रहे। भारत विकास परिषद के जिला पदाधिकारी मनोज चौधरी का कहना है कि मतदान से पूर्व उम्मीदवार के बारे मे पूरी जानकारी होनी चाहिए। उसकी छवि कैसी है। वोट उसको दें जो आम लोगों के काम करवा सके। और बनने के बाद भी लोगों के सम्पर्क मे रहे।



पंजाबी मार्किट मे मतदान की चर्चा करते हुये समाजसेवी व दुकानदार।

### गर्वनमेंट गर्ल्स सी.से. स्कूल करनाल में किया गया पौधारोपण

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़-पौधे लगाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आज पर्यावरण संरक्षण समिति रजि. करनाल द्वारा गर्वनमेंट गर्ल्ज सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, रेलवे रोड़, करनाल में पौधारोपण किया गया। प्रिंसिपल मोहिन्द्र सिंह द्वारा पौधारोपण का शुभारंभ करवाया गया। समिति अध्यक्ष एवं चीफ पैट्रन द्वारा गुडहल और नीम के पौधे लगाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। स्कूल स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने पौधारोपण में बढ़चढ़ कर भाग लिया। समिति द्वारा स्कूल में विभिन्न प्रजातियों के ओरनामैंटल एवं छायादार नीम, गुडहल, आंवला, गुलमोहर, कमलताश, पापड़ी एवं कड़ीपता आदि के पौधे लगाए गए। इस समय प्रचंड लू और गर्मी चल रही है। सूचनाओं के अनुसार इस समय लू और गर्मी ने पिछले कई वर्षों का रिकार्ड तोड़ दिया है। इसका कारण है कि पेड़ काट दिए गए हैं, कंक्रीट की सडक़ें बना दी गई हैं और यहां तक कि शहर में भी इंटरलॉकिंग की सडक़ें बन गई हैं। घरों के आगे कोई पेड़ दिखाई नहीं देता। पानी जमीन में जाने की कोई जगह नहीं रही है और वायुमण्डल में तपन बढ़ रही है। समिति अध्यक्ष एस.डी. अरोड़ा ने बताया कि इस प्रचण्ड लू को देखते हुए श्री माता वैष्णों देवी मंदिर श्राइन बोर्ड ने कटरा बैसमेंट कैम्प में एक स्टाल लगाकर भक्तों को एक-एक पौधा प्रसाद के रूप में देने की योजना बनाई है जो कि भक्तजन इस पौधे को माता के प्रसाद के रूप में घर ले जाकर लगाएंगे। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य महिन्द्र सिंह, समिति चीफ पैट्रन कंवल भसीन, प्रधान एस.डी. अरोड़ा, महासचिव के.एल. नारंग, वरिष्ठ उपप्रधान राम रतन अत्री, फ्लाईट लेफ्टिनेंट बी.डी. खुराना, कुमारी शशी आर्या, विनोद कुमार गुप्ता, अर्जुन देव वर्मा, ओ.पी. सचदेवा, हरिताभ भारती, दिलबाग धनलक्ष्मी स्टूडियो, स्कूल स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### गर्मी व मच्छरों से बचाव करें

**पानीपत।** पानीपत के सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा ने नागरिकों को गर्मी व मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से बचाव करने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया व कई तरह की बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ जाती है। इसको लेकर हमें व्यापक स्तर पर कार्यवाही करने की आवश्यकता है। विभिन्न विभागों के सहयोग से मलेरिया के सम्भावित स्थानों पर फोगिंग भी की जाएगी। वही, मलेरिया व डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी को लेकर शिक्षा विभाग स्कूलों में प्रार्थना के दौरान बच्चों को इस बीमारी के फैलने के प्रति जागरूक करें।

### कुष्ठ रोग मुक्त होगा पानीपत

**पानीपत।** पानीपत को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने में प्रशासन जुटा हुआ है। वही, व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के विरुद्ध खुलकर भेदभाव को समाप्त करने के लिए 26 मई तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि कुष्ठ रोगियों को मुख्य धारा में लाया जाए। वहीं कुष्ठ रोग लाइलाज नहीं है, राजकीय अस्पतालों में कुष्ठ रोगियों का निशुल्क उपचार किया जाता है।

### दो भाइयों को पीट कर घायल किया

**पानीपत।** पानीपत की जाटल रोड पर फ्लाइओवर के नीचे चार दोस्तों ने मिलकर दो भाइयों विक्की व आशीष निवासी गांव उझा, जिला पानीपत पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपितों ने दोनों भाइयों को फोन कर बातचीत के बहाने वहां बुलाया था और रंजिशन उन पर हमला किया। उसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल ने नागरिक अस्पताल में अपना इलाज कराया और मामले की शिकायत शहर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने विक्की की शिकायत पर भानू, नेत्रपाल, रोहित, मोनू पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ईंट मार कर घायल किया

**पानीपत।** पानीपत राज नगर में पुरानी रंजिश के चलते दो आरोपितों आकाश व गोलू ने सतीश पर ईंट से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल ने नागरिक अस्पताल में अपना इलाज कराया और मामले की शिकायत मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी। पुलिस ने आकाश व गोलू पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गुरूद्वारे में सुखमणी का पाठ किया

**पानीपत।** समालखा के मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब में संगत द्वारा किए जा रहे सुखमणी साहब के पाठ जारी है। स्मरणीय है कि शहीदों के सरताज 5वें गुरु अर्जुन देव जी की मीठी याद में 40 दिन के पाठ किए जा रहे हैं। वहीं, गुरमुख सिंह ने गुरुवाणी कीर्तन करके संगत को निहाल किया। जबकि प्रसाद की सेवा सुभाष मल्होत्रा के परिवार की ओर से दी गई। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने कहा कि गुरु अर्जुन देव ने अपना जीवन धर्म और लोगों की सेवा में बलिदान कर दिया।

### परशुराम जन्मोत्सव आज मनाया जाएगा

**पानीपत।** पानीपत की अनाज मंडी में रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसमें हजारों की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग भाग लेंगे।

### ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के बारे में विस्तार से जानकारी ली

# आर्य कॉलेज में बनाए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया

- चुनाव को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपूर्ण करवाना अधिकारियों का कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उपायुक्त डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने शनिवार को आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में स्थापित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और मतदान के लिए तैयार की जा रही अन्य सामग्री का बारीकी से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा, लाइट, स्वच्छता व नियमों की पालना के बारे में समीक्षा की। इस अवसर पर पानीपत के एआरओ एवं एसडीएम मनदीप कुमार, समालखा विधानसभा के एआरओ एवं एसडीएम अमित कुमार इसराना विधानसभा की एआरओ एवं एसडीएम ज्योति मित्तल, तहसीलदार वीरेंद्र गिल, नायब तहसीलदार निर्वाचन सुदेश राणा भी मौजूद रहे। वही, डॉ. दहिया ने निरीक्षण के दौरान ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के बारे में विस्तार से जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया में प्रयोग होने वाले सभी प्रकार के फार्मों व अन्य सामग्री को अच्छी प्रकार से जांच कर थैलों में डालें।


पानीपत। उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र दहिया स्ट्रांग रूप में निरीक्षण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

उन्होंने कहा कि चुनाव को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपूर्ण करवाना अधिकारियों का कर्तव्य है। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कोई शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पूरी की जाए।


पानीपत। श्री राम लीला कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पद सौंपते हुए चुनाव पदाधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

# श्री रामलीला कमेटी के दूसरी बार प्रधान बने आदर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री रामलीला कमेटी के चुनाव में पांच पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए गए एक प्रधान, दो उपप्रधान, तीन सचिव, चार कोषाध्यक्ष व पांच सह सचिव के लिए। जिसमें शनिवार को प्रधान पद के लिए आदर्श गुप्ता, उपप्रधान पद के लिए मनोज गोयल, सचिव पद के लिए मनोज सिंगला, कोषाध्यक्ष पद के लिए संजय बंसल, सहसचिव पद के लिए वीरेंद्र बंसल भोला ने नामांकन पत्र भरा है। वहीं अन्य किसी भी सदस्य ने किसी भी पद के लिए नामांकन पत्र नहीं भरा। जिसके चलते जहां चुनाव 26 मई को होने थे पर किसी और सदस्य का नामांकन पत्र प्राप्त नहीं होने पर चुनाव अधिकारी ईश्वर अग्रवाल, सुधीर जिंदल, सुशील सिंगला ने आज ही सभी नामांकित सदस्यों को सभी पदों के लिए निर्विरोध पदाधिकारी घोषित कर दिया गया। जिसमें प्रधान आदर्श गुप्ता, सचिव मनोज सिंगला, कोषाध्यक्ष संजय बंसल, उपप्रधान मनोज गोयल, सहसचिव वीरेन्द्र बंसल को विजेता घोषित कर दिया। वहीं नवनियुक्त प्रधान आदर्श गुप्ता ने बताया कि श्री राम लीला कमेटी पिछले 154 वर्षों से श्री रामजी की लीला का मंचन करवा कर समाज में सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार कर रही है। आदर्श गुप्ता और निर्विरोध चुने गए सभी पदाधिकारियों ने श्री रामलीला कमेटी के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया और पूर्ण विश्वास दिलाया कि हम सभी समाज की सेवा करने में और सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में आगे रहकर काम करेंगे। इस अवसर पर सरपरस्त गोबिंद गोयल, नवल जिंदल, विजय शर्मा, अमित राज गुप्ता, गंगा राम मंगला व संजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# मानवता की निष्काम सेवा करें नागरिक : डॉ. अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- राष्ट्रीय स्तरीय स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में पीयू का वंश प्रथम

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस क्लब के तत्वावधान में रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति के संस्थापक हेनरी डुनेट की जयंती के उपलक्ष्य में वर्ल्ड रेडक्रॉस डे पर राष्ट्रीय स्तरीय स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका थीम निःस्वार्थ सेवा और मानवता रहा। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़ व हरियाणा के महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य मानव में निःस्वार्थ सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। प्राचार्य डा. अजय गर्ग ने कहा कि रेडक्रॉस एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है इसका उदेश्य मानव जीवन की रक्षा करना है। इंसान में इंसानियत और आपसी सदभाव के भाव रेडक्रॉस ही पैदा करता है। यूथ रेडक्रॉस की संयोजिका प्रो. सोनिया ने कहा कि जब भी देश में कोई बड़ी मुसीबत आती है तो रेडक्रॉस लोगों की सहायता करती है। वर्ल्ड रेडक्रॉस सोसाइटी भोजन की कमी, प्राकृतिक आपदाओं, युद्धों तथा महामारियों के दौरान आम लोगों की सहायता करने के लिए जानी जाती है। प्रतियोगिता में प्रथम वंश पंजाब यूनिवर्सिटीए चंडीगढ़, द्वितीय आकाश आईबी पीजी महाविद्यालय पानीपत व तृतीय स्थान धडकन दयाल सिंह महाविद्यालय करनाल रही। प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने यूथ रेडक्रॉस की संयोजिका प्रो.सोनिया व यूथ रेडक्रॉस क्लब के सदस्यों प्रो.कनक शर्मा व डा. गुरुनाम को सफ ल आयोजन के लिए बधाई दी।

# प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल में मनाया मातृ दिवस

- नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपनी माताओं के साथ रैंप वॉक की और विभिन्न क्रिएटिव गतिविधियों में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल पानीपत में मातृ दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने जहां गानों पर नृत्य कर अपनी मां के प्रति श्रद्धा प्रकट की, वहीं बच्चों द्वारा प्रस्तुत मातृ गीत सुनकर सभी माताएं भाव विभोर हुई। नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपनी माताओं के साथ रैंप वॉक की और विभिन्न क्रिएटिव गतिविधियों में भाग लिया। रैंप वॉक में रितिका, नीलम, हिना, प्रियंका, पुष्पा और नेहा गर्ग ने बाजी मारी। अंताक्षरी में मेघा बंसल ने प्रथम, नेहा मित्तल ने दूसरा व पल्लवी सिन्हा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा बैंगल्स गेम में गीतू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस खास उत्सव के दौरान विद्यालय ने खास कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें एक तरफ विद्यार्थियों की माताओं के लिए अंताक्षरी एवं विभिन्न प्रकार की तनावमुक्त गेम्स तथा कुछ प्रतियोगिताएं शामिल थी, वहीं दूसरी तरफ महिलाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने के लिए लॉटस हॉस्पिटल से डॉ पायल गहल्यान भी इस खास कार्यक्रम का हिस्सा बनी। डॉक्टर गहल्यान ने महिलाओं संबंधी फैलने वाली बीमारियों जैसे ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर व अन्य बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। मातृ दिवस पर आई कई महिलाओं ने अपने स्वास्थ्य संबंधी डॉक्टर से प्रश्न कर अपनी समस्याओं का निवारण किया। वही, स्कूल प्रिंसिपल अंजू गुप्ता ने अभिभावकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मां बच्चों की पहली अध्यापिका होती हैं जो बच्चों को नेक व संस्कारी बनाती हैं, इसलिए सभी माताएं सदैव आदरणीय है।


पानीपत। प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस मनाते हुए विद्यार्थी व अभिभावक।

# मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

समस्त ब्राहमण समाज द्वारा संजय कालोनी स्थित परशुराम धर्मशाला में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता ब्राहमण सभा के जिला प्रधान रामरतन शर्मा ने की। पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि, सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिंद, गुर्जर सभा के प्रधान कर्ण सिंह पसीना, सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरि प्रकाश शर्मा सहित अन्य नेताओं ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में ब्राहमण समाज सहित सर्व समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया और उनको ब्राहमण सभा द्वारा पगड़ी, फूलमालाओं व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। समाज की 10वीं व 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से ज्यादा नंबर लेनी वाली छात्राओं व उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया। वहीं पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव को अभी तक समाज द्वारा ही मनाये जाने की परंपरा रही है लेकिन रामरतन शर्मा जिला प्रधान के नेतृत्व में पहली बार सर्व समाज के गणमान्य लोगों के साथ जन्मोत्सव समारोह मनाया सराहनीय पहल है। इस अवसर पर जेपी गोड, कर्ण सिंह पसीना, बाबुराम कौशिक, गोविंदा लाहौट,रामचंद्र अलुपुर, नरायणदत शर्मा जिला पार्षद, सुनील शर्मा युवा प्रधान, अजय शर्मा, वासुदेव शर्मा, बलजीत सारसर, सोएब आलम एडवोकेट, त्रिलोक शर्मा, सुभाष शर्मा, गोविंद सैनी सीए, लख्मीचंद कश्यप सहित भारी संख्या में सर्व समाज के लोग मौजूद रहे।



पानीपत। भगवान परशुराम जयंती समारोह को संबोधित करते हुए नवीन जयहिंद।

# नाटक में नागरिकों को मतदान करने को जागरूक किया

- मतदाताओं को मत देने के लिए प्रेरित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति ने मयूर विहार कॉलोनी में मतदाताओं को सोच समझ कर मत देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। पर्चा वितरण तथा नुक्कड़ नाटक द्वारा मतदाताओं को मत देने के लिए प्रेरित किया गया। नाटक का मंचन प्रवेश त्यागी के नेतृत्व में शहीद वीरेंद्र नाटय मंच की टीम द्वारा किया गया। हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के जिला सचिव वेदपाल ने लोगों का आहवान करते हुए कहा कि आधुनिक भारत का जो सपना हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों व क्रांतिकारियों शहीद भगत सिंह व उनके साथियों तथा संविधान निमार्ताओं ने देखा था, वह हमारे मत के द्वारा साकार हो सकेगा। इस अवसर पर डॉ.शीशपाल, प्रो.आशीष कुमार, सीताराम, अमित, मुस्कान, कविता, नंदन, अतुल, सागर, मोहम्मद, शबनम आदि मौजूद रहे।



# सेबी के दो फर्जी अफसर पकड़े आरोपी पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सीआईए थ्री पुलिस टीम ने सेबी का फर्जी अधिकारी बन ट्रेडिंग कंपनी में रेड कर रिकार्ड में कमी बताकर जबरन वसूली व ठगी करने वाले दो आरोपियों को संजय चौक के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान मयंक निवासी ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्ध नगर यूपी व अनिल निवासी अगवानपुर सोनीपत के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि इससंबंध में थाना चांदनी बाग में न्यू गीता कॉलोनी निवासी मुनीष ने शिकायत दी थी। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मिलकर पानीपत की वारदात के अतिरिक्त रोहतक, सोनीपत, रेवाड़ी व करनाल में वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा है। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया की गहनता से पूछताछ करने के लिए पुलिस ने शुक्रवार को दोनों आरोपियों को न्यायलाय में पेश किया जहा से आरोपी मयंक को तीना दिन के व आरोपी अनिल को एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। शनिवार को आरोपी अनिल को रिमांड अवधी पूरी होने पर उसे न्यायालय में पेश किया, उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया गया।

# योगाभ्यास करने से शरीर रहता है निरोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी शीशपाल ने बताया कि नागरिकों को योग शिक्षक बनने के लिए 20 मई से 19 जून 2024 तक शिव मंदिर भावना चौक, देवी मंदिर के पीछे सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें योग के अंतर्गत अष्टांग योग, षटकर्म, प्राकृतिक एवं घरेलू उपचार, आयुर्वेद, एक्यूप्रेशर आदि का प्रशिक्षण योग विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा। शिविर उपरांत पतंजलि योगपीठ के द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा। जिससे आप अन्य स्थानों पर योग की ट्रेनिंग शिक्षा देकर योग सिखा सकते हैं। इसके अलावा वाईसीबी की परीक्षा की तैयारी एवं योग शिक्षक बनकर रोजगार का अवसर भी प्राप्त कर सकते हैं तथा निःशुल्क हरिद्वार शिविर में भागीदारी का अवसर भी प्राप्त हो सकता है। वही, आर्य समाज में राकेश मित्तल मुख्य केंद्रीय प्रभारी हरिद्वार की अध्यक्षता में प्रांतीय बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें उन्होंने हरियाणा के प्रत्येक जिले में सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर लगाने बारे दिशा निर्देश दिए।


पानीपत। पतंजलि की बैठक में उपस्थित सदस्यगण । फोटो :हरिभूमि

### खेलों से विद्यार्थियों में बढ़ता है आत्म विश्वास : रमेश

**पानीपत।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय इंडोर गेम्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इंडोर गेम्स प्रतियोगिताएं लूडो, कैरम बोर्ड व स्केटिंग की थी। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल की डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉ. सपना गुप्ता व स्कूल के खेल विभाग के कोचों के द्वारा किया गया। जिसमें प्री.नर्सरी से पांचवीं के छात्रों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। डॉ. सपना गुप्ता ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक तो होते ही हैं। साथ वे आपसी सहयोग और नेतृत्त्व की भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए। स्कूल के चेयरमैन रमेश रेवड़ी ने कठिन परिश्रम को सफलता का मूल मंत्र बताया।

# स्कूल में छात्रों ने पूल पार्टी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में स्विमिंग पूल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के साथ उनरकी माताओं ने खूब मस्ती की, वही, पुल में स्विमिंग करते हुए समय का दृश्य मन को मोहने वाला था। विद्यार्थियों के साथ उनकी माताओं ने म्यूजिक सिस्टम पर नृत्य कर खूब धमाल किया और आइसक्रीम का लुफ्त उठाया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ऋतु सिंह ने कहा कि मनोरंजन से इंसान तनाव मुक्त होता है और उसके अंदर उर्जा का संचार होता है। विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन ने कहा कि आज के कंपीटिशन से भरे युग में पुल पार्टी जैसे कार्यक्रम हर किसी को इसट्रेस से दूर करते है और शरीर में नई जान फूंकते है। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं व गैर शिक्षण स्टाफ उपस्थित रहा।


पानीपत। जीडी गोयंका स्कूल में पुल पार्टी का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

### जान लेवा साबित हो सकती है लू, बचाव करें नागरिक

# लू से बचाव के तरीकों पर प्रस्तुत किए अपने मनोभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ौली के बच्चों ने लू से बचने के तरीकों पर पोस्टर व भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने मनोभाव प्रस्तुत किए। प्रतियोगिताओं का संचालन ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक एवं अग्रेंजी प्राध्यापक जसबीर मलिक ने किया। विद्यालय के ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक और कला शिक्षक सहायक विष्णु दत्त ने बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग का परिणाम तैयार किया गया। निबंध लेखन का परिणाम हिंदी प्राध्यापक रवींद्र सिंह ने तैयार किया। वहीं, बढ़ती गर्मी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। धूप में अनावश्यक नहीं घूमना चाहिए। ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक एवं अंग्रेजी प्राध्यापक जसबीर मलिक ने बताया कि बच्चों ने पेंटिंग के माध्यम से गर्मी से बचाव के तरीकों को रंगों से चित्रित किया। इस अवसर पर सुशील कुमारी, मधुबाला, जसबीर मलिक, प्रीति, दीपिका धवन, ममता, हीना, सुदेश, रमारानी, कुसुम, विष्णुदत्त, बलविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


राजकीय स्कूल बडौली के विद्यार्थी अपनी बनाई पेंटिंग का प्रदर्शन

**ये रहे परिणाम**

ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक ने बताया कि कक्षा नौ से बारहवीं वर्ग की पोस्टर प्रतियोगिता में नवप्रीत कौर कक्षा दसवीं एवं शगुन कक्षा बारहवीं प्रथम, खुशी मिटान कक्षा दसवीं एवं कोमल कक्षा बारहवीं द्वितीय, राखी कक्षा दसवीं, खुशी कक्षा नौवीं व सावन कक्षा ग्यारहवीं तृतीय स्थान और अनु कक्षा बारहवीं को सांत्वना पुरस्कार मिला। निबंध लेखन में भूमिका कक्षा नौवीं प्रथम, अंजलि कक्षा नौवीं द्वितीय और प्रतिज्ञा कक्षा नौवीं तृतीय पुरस्कार मिला। कक्षा छटी से आठवीं वर्ग की पोस्टर में जानवी कक्षा आठवीं प्रथम, अन्नु कक्षा आठवीं द्वितीय और सानिया कक्षा आठवीं तृतीय एवं अलीना को सांत्वना पुरस्कार मिला। निबंध लेखन में तनीषा को प्रथम, साक्षी को द्वितीय एवं मन्नु को तृतीय पुरस्कार मिला।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी कृष्ण सूद को काबू किया है। अंबाला छावनी के बहादुर सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 11 मई 2024 को किसी ने बंगाली मोहल्ला से उसकी एक्टिवा चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### धमकी देने वाला आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी हन्नी को शामिल जांच किया है। जग्गी कॉलानी के मनप्रीत सिंह मन्नी शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 मई 2024 को आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी व अन्य ने चौकी मॉडल टाउन के बाहर उससे मारपीट करके गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है।

### दुर्घटना के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना साहा क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी दिलशाद को शामिल जांच किया है। इस मामले के विनोद कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ट्रक चालक ने लापरवाही व तेज गति से ट्रक चलाते हुए उसके लडके को टक्कर मारी, जिससे से उसकी मौत हो गई।

### आरोपी महिला को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना मे दर्ज घर मे घुस कर हमला करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले दो आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। गोला के जयपाल ने 30 अक्तूबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 अक्तूबर 2023 को आरोपी सुखजीत उर्फ सुखा व अन्य ने घर मे घुसकर लडाई झगडा कर चोट पहुचाते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है।

बेटियों की पीएम मोदी ने जमकर की तारीफ, कहा अंबाला से दिल्ली से जोड़ने का हो रहा काम, जल्द विदेशों तक होगी उड़ान

# पीएम मोदी की रैली: भाजपा प्रत्याशी को मिली संजीवनी

# किसानों के साथ पूर्व सैनिकों को भी साधने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दस साल में पहली बार अंबाला की धरती पर प्रचार के लिए उतरे पीएम नरेंद्र मोदी कार्यकर्ताओं में उत्साह भर गए। खासकर अंबाला लोकसभा (सुरक्षित) सीट से भाजपा की प्रत्याशी बंतो कटारिया को पीएम मोदी की रैली से संजीवनी मिल गई। सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी व किसानों की विरोध की वजह से कटारिया का प्रचार जोर नहीं पकड़ पा रहा था। मोदी के जोश के बाद अब तमाम नेता व कार्यकर्ता उत्साहित दिख रहे हैं। रैली का असर अंबाला के साथ कुरुक्षेत्र व करनाल लोकसभा सीट पर भी पड़ने की बात कही जा रही है। तीनों लोकसभा सीटों के प्रत्याशी पीएम मोदी के साथ मंच पर मौजूद थे।

### किसानों-महिलाओं के साथ पूर्व सैनिकों को साधने का प्रयास

पीएम मोदी ने मंच से कोई बड़ा ऐलान तो नहीं किया। मगर उन्होंने अपने पूर्व सहयोगी दिवंगत सांसद रतनलाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया को लोगों से जितवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अंबाला को दिल्ली से जोड़ने का काम किया जा रहा है। आने वाले दिनो में अंबाला से लोग विदेश भी जा सकेंगे। भाजपा के राज में हरियाणा बड़ा इंडस्ट्रियल हब बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश को आत्मनिर्भर व विकसित बनाने के लिए हो रहा है। उन्होंने कहा कि अंबाला से बंतो कटारिया, करनाल से मनोहर लाल, कुरुक्षेत्र से नवीन जिंदल चुनाव लड़ रहे हैं। तीनों उम्मीदवारों को भारी वोटों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि किसानों की फसलों को देश की सरकार विदेश में लेकर जा रही है। राजस्थान के किसानों के लिए सरकार बड़ा अवसर लेकर आई है। देश में ज्यादा गोदामों का निर्माण किया जा रहा ताकि देश में अनाज के भंडारण की दिशा में काम हो सके। उन्होंने ऐलान किया कि आने वाले समय में आलू, प्याज, टमाटर पैदा करने वाले किसानों के लिए कलस्टर बनाने का काम किया जा रहा है।





अंबाला। पीएम नरेंद्र मोदी को सम्मानित करते हुए परिवहन मंत्री असीम गोयल, पूर्व मंत्री अनिल विज, मंचासीन पीएम व अन्य नेता साथ ही मौजूद कार्यकर्ता।

### दिवंगत सांसद कटारिया को दी श्रद्धांजलि

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंच से अपने सहयोगी रहे दिवंगत सांसद रतनलाल कटारिया को भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज हमारे रतनलाल कटारिया की बरसी भी है। में उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। इस दौरान पीएम ने राफेल का भी जिक्र किया। कहा जब यह लडाकू विमान आसमान में उडता है तो हर किसी को गर्व होता है। उन्होंने कहा कि मैं अगले पांच साल के लिए आशीर्वाद मांगने के लिए आया हूं। इससे पहले उन्होंने मां अंबिका, माता मनसा देवी की भूमि समेत पूरे प्रदेश की जनता को भी राम राम किया। उन्होंने कहा किहरियाणा यानी हिम्मत, हरियाणा यानी हौसला, तभी तो हरियाणा धाकड़ है धाकड़। उन्होने कहा कि मोदी ने तो कई सालों तक हरियाणा की रोटी खाई है। हरियाणा की तरह ही मोदी ने दस साल तक सरकार भी धाकड़ चलाई है।

### धारा 370 का भी भाषण में किया जिक्र

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंच से जम्मू कश्मीर से हटाई गई धारा 370 का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में हालात तेजी से बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के जमाने में हरियाणा की वीर माताएं दिन रात चिंता में रहती थी कि कब किस आतंकी का गोला फट जाए, कब किसी पत्थर से उनके फौजी बेटों का सिर फट जाए। दस साल हो गए सब कुछ बंद हो गया। मोदी की धाकड़ सरकार ने 370 की दीवार गिराई। कश्मीर विकास के रास्ते पर चल पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास हमारी सेनाओं को फौजियों को धोखा देने का रहा है। देश का पहला घोटाला कांग्रेस ने भारत की सेना में ही किया था। इसके बाद बोफोर्स , पनडुब्बी , हेलिकॉप्टर जैसे घोटालों से कांग्रेस ने देश की सेनाओं को कमजोर बनाया। हमारे सैनिकों को कपड़े, जूते, बुलेटप्रूफ जैकेट भी नहीं मिलती थी, उनके पास अच्छी राइफलें तक नहीं थी। उन्हें लाठी देकर आतंकियों से मुकाबला करवाया जाता था। मोदी सरकार ने देश की सेनाओं को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान शुरू किया।




### बेटियों की भी जमकर की तारीफ

पीएम मोदी ने मंच से प्रदेश की बेटियों की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने का कि खेलों की दुनिया में हमारी बेटियों ताकत बन रही हैं। बेटियों की उपलब्धियों की वजह से अब सरकार ने भी बेटियों के लिए सैनिक स्कूलों के दरवाजे भी खोल दिए। एनडीए के लिए महिलाओं का पहला बैच ट्रेनिंग ले रहा है। इनमें सबसे ज्यादा हरियाणा की ही बेटिया हैं।

### आपका सपना ही मेरा संकल्प

पीए मोदी ने मंच से कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सत्य की धरती है। इस धरती पर कांग्रेस ने झूठ बोला। मगर मोदी ने हर परिवार की चिंता की।उन्होंने कहा कि मोदी विकसित भारत का संकल्प लेकर निकला है। मेरी इस यात्रा में हरियाणा के भी संस्कार हैं। उन्होंने कहा कि मैं यह गारंटी देता हूं कि आपका सपना ही मेरा संकल्प है। उन्होंने कहा कि दस साल में सरकार ने एमएसपी पर किसानों का अनाज खरीदा है। पहले तो पैसा मिलने में भी कई महीने लगते थे। अब पैसा सीधे किसान के नाम पर बैंक के खाते में जमा हो जाता है। कांग्रेस ने गन्ना किसानों को सिर्फ और सिर्फ धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि अब भारत दूसरे देशों को हथियार बेच रहा है। पूर्व सैनिकों के साथ भी विश्वासघात किया। चार दशक तक कांग्रेस पूर्व सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन के लिए तरसाती रही। 2013 में उन्होंने जाते जाते वन रैंक वन पेंशन के लिए 500 करोड़ रुपए का बजट में प्रावधान किया। अब वह इस कागज को लेकर सैनिकों के सम्मेलन कर रहे हैं। इनकी झूठ बोलने की इतनी आदत है। जब मुझे सेवा का अवसर मिला तो मैंने डंके की चोट पर वन रैंक वन पेंशन का वायदा पूरा किया। उन्होंने 500 करोड़ का खेल खेला था, अब तक वन रैंक वन पेंशन में एक लाख 20 करोड़ रुपया हर परिवार तक पहुंच चुका है। पीएम ने कहा कि जब देश में एक धाकड़ सरकार होती है तो दुश्मन भी कुछ करने से पहले सौ बार सोचता है।

### काले कपड़े पहनकर आए कार्यकर्ताओं को नहीं मिली एंट्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में काले कपड़े पहने लोगों को पुलिस ने बाहर ही रोक दिया। पुलिस ने ऐसे कार्यकर्ताओं को एंट्री ही नहीं दी। साथ ही बैग व पानी की बोतल साथ लेकर आने वाले कार्यकर्ताओं को भी पंडाल में जाने से रोक लिया। पुलिस का कहना है कि रैली से पहले ही यह एडवाइजरी जारी की गई थी कि कोई भी कार्यकर्ता काले कपड़े पहनकर न आए। न ही अपने साथ कोई सामान व बोतल लेकर आए।

### देश अखंड भी बनेगा व समृद्ध भी

अंबाला लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संकल्प लिया है कि अगर वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो 2047 तक भारत विकसित देशों की श्रेणी में होगा। पीएम मोदी देश को आखंड भी बनाएंगे साथ ही समृद्ध भी। हर घर में खुशहाली होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि 25 मई को अंबाला से भाजपा को जितवाने की गारंटी ले लो उसके बाद देश के भविष्य की गारंटी नरेंद्र मोदी की है। पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने मंच से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को मनोहर लाल त्यागी कहकर पुकारा। उन्होंने कहा कि देश के 140 करोड़ लोगों के विश्वास के प्रतीक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां आए हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में वो करके दिखाया है जो अब तक कोई नेता नहीं कर पाया।

### रैली की वजह सभी रुट डायवर्ट

पीएम की रैली को लेकर सभी रुट डायवर्ट किए थे। अंबाला शहर के लिए कालका चौक से लेकर मानव चौक, जंडली से लेकर बेटी बचाव बेटी पढाओ चौक तक रैली में आने वाले वाहनों को छोड़कर अन्य यातायात को बंद किया था। हिसार से चंडीगढ़ व चंडीगढ़ से हिसार आने जाने वालों को 152डी का इस्तेमाल करने के आदेश दिए गए।

# अध्यापक स्थानांतरण नीति को लेकर शिक्षा मंत्री से शिकायत

- कई स्कूलों में खाली रह गए पद
- हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन की ओर से भेजा लेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन ने शिक्षा मंत्री को पत्र भेजकर अध्यापक स्थानांतरण नीति के तहत तबादले किए जाने की मांग की है। राज्य सचिव संदीप खोखर ने कहा कि अध्यापक स्थानांतरण नीति के अनुसार हर वर्ष सत्र के प्रारंभ में तबादले किए जाने थे लेकिन विभाग कभी भी सत्र के शुरू में तबादले नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में शिक्षा विभाग के द्वारा अगस्त में ऑनलाइन अध्यापकों के तबादले किए गए थे जिसमें अतिथि अध्यापकों के दूर दूर चले जाने और सही ढंग से वर्गीकरण न होने के कारण किसी स्कूल में एक विषय के ज्यादा अध्यापक पहुंच गए। किसी स्कूल में उस विषय का एक भी अध्यापक नहीं पहुंच पाया जिसके कारण स्कूलों में अव्यवस्था की स्थिति बन गई थी। दिसंबर 2022 में हजारों शिक्षकों को खाली जगह पर प्रतिनयुक्ति पर भेजा गया जो अब तक प्रतिनियुक्ति पर ही चल रहे हैं। अगस्त 2023 में नई अध्यापक स्थानांतरण नीति बना दी गई ताकि सभी स्कूलों में बच्चों को अध्यापक मिल सके लेकिन 2023 में भी विभाग सही प्रकार से तबादले नहीं कर सका और डेपुटेशन पर गए अध्यापकों की समयावधि अगले आदेश तक बढ़ा दी गई थी। इस वर्ष भी विभाग के द्वारा अभी तक भी कोई कार्यवाही शुरू नहीं की है जबकि स्थानांतरण से पहले विभाग के द्वारा पोर्टल अपडेट करने अध्यापकों से पर्सनल प्रोफाइल व सर्विस प्रोफाइल आदि को अपडेट करने की प्रक्रिया में लगभग एक माह का समय लग जाता है संस्कृति स्कूलों में अध्यापक चले गए व सेवानिवृति आदि के कारण बहुत से स्कूल टीचरों से बिल्कुल खाली है और कई स्कूलों में अध्यापक जरूरत से अधिक बैठे है।

# 85 साल से अधिक मतदाताओं ने डाली वोट मोबाइल पोलिंग टीम ने पूरी की प्रक्रिया

- नारायणगढ़ विधानसभा के कई गांवों में बुजुर्गों ने पसंदीदा उम्मीदवार को डाली वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही मतदान करने की सुविधा दी गई है। इसकी शुरूआत विधानसभा क्षेत्र में की गई है। प्रशासन द्वारा गठित मोबाइल पोलिंग टीम ने उक्त मतदाताओं के घर-घर जाकर पूरी चुनाव प्रक्रिया को अपनाते हुए वोट डलवाने का कार्य किया। क्षेत्र के एआरओ एवं एसडीएम यश जालूका ने कहा कि 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वृद्ध मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाता जिन्होंने घर से बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करने के लिए आवेदन किया था। उनके घर-घर जाकर मोबाइल टीम ने उनकी पहचान सुनिश्चित करने व चुनावी प्रक्रिया को अपनाते हुए वोट डलवाई गई। मतदाता द्वारा वोटिंग करते समय पूरी तरह से गोपनीयता का ध्यान रखा गया है। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई गई है। चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई इस नई सुविधा का लाभ उठाते हुए मतदान करने के उपरांत बुर्जुग मतदाताओं ने खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में उन्हें घर में ही मतदान करने की सुविधा प्रदान करके चुनाव आयोग व प्रशासन ने एक सराहनीय पहल की है। पोलिंग टीम ने सबसे पहले मतदाता की वोटर स्लीप चेक की और मतदाता सूची में नाम चेक किया। वोट डालने के लिए एक मेज पर तीनों तरफ से ढका हुआ वोटिंग क्षेत्र तैयार किया गया, जहां पर मतदाता ने बैलेट पेपर पर अपने पसंद के उम्मीदवार के खाने/ कॉलम में पेन से निशान लगाया, जिसके बाद मतदाता ने स्वयं उसे फोल्ड करके लिफाफे में डाला।

# खट्टर-विज मिले गले, कार्यकर्ताओं के सामने हाथ खड़े कर एकजुटता दिखाने का किया प्रयास

- ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते रैली स्थल पर पहुंचे कार्यकर्ता, परिवहन मंत्री असीम गोयल व पूर्व मंत्री विज ने भी पीएम को दिया स्मृति चिह्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पीएम मोदी की रैली में एक बार फिर पूर्व सीएम मनोहर लाल व पूर्व गृहमंत्री अनिल विज गर्मजोशी से गले मिलते दिखे। इससे पहले विज के मंच पर आते ही जय श्री राम के नारों से पूरा पंडाल गूंज गया।

पहले तो रैली में विज के आने पर संशय बना हुआ था। मगर पीएम मोदी के आने से कुछ देर पहले ही विज रैली में पहुंचे। इसके बाद पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं के सामने उनका हाथ पकड़कर एकजुटता दिखाने का प्रयास किया। विज ने भी गर्मजोशी से मनोहर लाल से हाथ मिलाया। दरअसल राज्य में भाजपा की नई सरकार के गठन के बाद से ही पूर्व मंत्री अनिल विज नाराज चल रहे हैं। नई सरकार में उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं मिली है। कई बार खुलकर उन्होंने पूर्व सीएम मनोहर लाल के प्रति नाराजगी जाहिर कर चुके हैं।

### परिवहन मंत्री ने भी पीएम को दिया स्मृति चिह्न

मंच पर मौजूद अंबाला शहर के विधायक एवं राज्य सरकार में परिवहन मंत्री असीम गोयल ने भी पीएम नरेंद्र मोदी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इससे पहले पूर्व गृहमंत्री अनिल विज भी पीएम को स्मृति चिह्न दे चुके थे। मंच पर ज्यादातर भाजपा नेताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी को प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीटें जितवाने का वायदा किया।

### अव्यवस्था से गुस्से में दिखे कार्यकर्ता

रैली के दौरान अव्यवस्थाओं का भी आलम रहा। रैली में उन लोगों को आने नहीं दिया गया जिन्होंने काले कपड़े पहने हुए थे। इन लोगों को सुरक्षाकर्मियों ने अंदर जाने नहीं दिया। रैली में न जाने का मलाल इन कार्यकर्ताओं के चेहरे पर साफ नजर आया।इसके लिए सभी ने भाजपा प्रबंधन को जमकर कोसा। रैली में गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को भी एंट्री नहीं मिली। इसी वजह से ज्यादातर पत्रकार रैली कवर करने से रह गए। पत्रकारों ने रैली की व्यवस्था संभाल रहे भाजपा नेताओं को जमकर कोसा।

### तय समय से लेट पहुंचे पीएम

अंबाला शहर के पुलिस लाइन मैदान में आयोजित रैली में पीएम नरेंद्र मोदी तय समय से काफी देर तक लेट पहुंचे। भाजपा की ओर से उनके रैली में आने का समय 12 बजे बताया गया था। मगर पीएम मोदी अढ़ाई घंटे लेट पहुंचे। इसके कारण भारी गर्मी के कारण कार्यकर्ता पसीने से तर तर होते रहे। हालांकि मोदी के आने के बाद कार्यकर्ताओं में नया जोश आ गया। इसी वजह से वे अपने पसीने को भूल गए।

### ढोल नगाड़े बजाते आए कार्यकर्ता

पीएम मोदी की रैली को लेकर कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते गाते कार्यकर्ता रैली स्थल पर पहुंचे थे। अंबाला शहर की तमाम सड़कों पर कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था।

सभी कार्यकर्ता पीएम नरेंद्र मोदी की एक झलक पाने के लिए बेकरार नजर आए।

इसी वजह से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता मुख्य मंच के सामने पहुंचने की कसरत करते रहे।

